an>

Title: Regarding setting up a research Centre at Chhathisgarh for the treatment of Sickelcell.

श्री लखन लाल साहू (बिलासपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विÂाय की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। ग्रामीण क्षेत्र में करीब 70 प्रतिशत लोग निवास करते हैं। मैं छत्तीसगढ़ से आता हूँ और वहाँ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा रहते हैं। इसमें से मुख्य रूप से कवंर, गोंड, बैगा, अल्बा, साहु, कुर्मी, यादव, जायसवाल, लोधी आदि समाज ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा हैं। छत्तीसगढ़ में एक बहुत बड़ी समस्या है। एक सिकलसेल नामक बीमारी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आज तक इसका कोई समुचित उपचार नहीं हो पा रहा है, न इसके लिए रिसर्च सेंटर है। इसके लिए अलग से एक ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि इसकी जांच करके उसका समुचित उपचार किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण लोग, जो इस बीमारी से बहुतायत मात्रा में पीड़ित हैं, को फायदा हो सके। इस संबंध में राज्य सरकार भी सहयोग करने के लिए तैयार है। मैं आपके माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह करूँगा कि छत्तीसगढ़ में सिकलसेल नामक बीमारी के लिए अलग से रिसर्च सेंटर बनाया जाए, ताकि इस बीमारी से छत्तीसगढ़ को मुक्ति मिल सके।